an>

Title: Need to set up a branch of Rural Bank at Devrai village in Jaunpur district, Uttar Pradesh.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर): निवेदन है कि मेरी लोक सभा, मछलीशहर, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत दर्जनों ऐसे गांव हैं जिनको बैंक संबंधी किसी भी कार्य के लिए मोड़ैता स्थित काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक जाना होता है जोकि दर्जनों भर गांवों से 8-10 किमी. दूर पड़ता है।

अतः निवेदन है कि यदि ग्राम-देवराई, पोस्ट-भैंसा, तहसील-केराकत, जिला जौनपुर, उ.प्र. में यदि एक ग्रामीण बैंक खुल जाए तो दर्जनों भर गांव का लाभ होगा और क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी और हजारों घर लाभांवित होंगे। देवराई गांव भौगोलिक दृष्टि से दर्जनों भर गांव के मध्य में है और सभी गांव द्वारा सम्पर्क मार्गों से जुड़ा हुआ है।